हुक्म	हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल जज
15/06/22	पत्रावली आज पेश हुयी। वकील प्रार्थी उपस्थित। विप्रार्थीगण अनुपस्थित। विप्रार्थीगण को नोटिस तामील होने बावजूद नोटिस तामील होने के अनुपस्थित रहने के विप्रार्थीगण के खिलाफ एक तरफा कार्यवाही की जाती है। वकील प्रार्थी की बहस सुनी गयी। आदेश अलग से लिखवा जाकर खुले न्यायालय सुनाया गया। आदेश की पालनार्थ तहसील जावे। ~~परवान~~ पालना प्राप्त होने पर पत्रावली की बाद तकमील नियमानुसार होकर शामिल दफ्तर हो। उपखण्ड अधिकारी, गुडामालानी

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.09.19 18:04:46 IST
Reason: SelfAttested

प्रार्थीगण :– ...27/2022

...अधिकारी, गुडामालानी (बाड़मेर)
पीठासीन अधिकारी श्री प्रमोद कुमार आर.ए.एस

1. आजंणा युवा विकास संस्थान गुड़ामालानी जिला बाड़मेर जरिये अध्यक्ष गणेशाराम पुत्र वरांगाराम जाति कलवी हाल निवासी गुड़ामालानी

बनाम

विप्रार्थीगण :–

1. आसूराम पुत्र जवाराराम
2. छोगाराम पुत्र रूगाराम
3. जेरूपाराम पुत्र रायमलराम
4. धूखाराम पुत्र जवानाराम
5. पांचाराम पुत्र जवानाराम
6. मगाराम पुत्र रायमलराम
7. मालाराम पुत्र रायमलराम
   जाति रबारी निवासी आलपुरा
8. रामेश्वरी पत्नी अचलाराम
9. कमला पत्नि गोपालराम
10. गवरी पत्नि कानाराम
11. प्रमेश्वरी पत्नि मोहनलाल
12. सुशीला पत्नि छोगाराम
13. रूगनाथराम पुत्र रूपाराम
14. भवराराम पुत्र जगाराम
15. तोगाराम पुत्र जगाराम
16. दुरगाराम पुत्र जगाराम
17. मिश्रराराम पुत्र जगाराम
18. दलाराम पुत्र जगाराम
19. मकाराम पुत्र जगाराम
20. मकाराम पुत्र सोनाराम
21. राधा पत्नि जगाराम
22. नरिंगाराम पुत्र रूपाराम
23. किसनाराम पुत्र रूपाराम
24. जीवाराम पुत्र जगाराम
    जाति जटिया निवासी आलपुरा तहसील गुड़ामालानी
25. रम्भा पत्नि सोनाराम फौत के वारिसान
    25/1 पीराराम पुत्र सोनाराम
    25/2 लालाराम पुत्र सोनाराम
26. छगन पत्नि भगाराम
    जाति कलबी निवासी भाखरपुरा तहसील गुड़ामालानी
27. शांति पत्नि जेठाराम जाति पुरोहित निवासी सिन्द सागर कॉ–ऑपरेटिव सोसायटी 5 फ्लोर नम्बर 506 केशव राजमार्ग बुम्बई महाराष्ट्र
28. सरपं ग्राम पंचायत आलपुरा तहसील गुड़ामालानी
29. शाखा प्रबन्धक एस.बी.आई. गुड़ामालानी
30. तहसीलदार गुड़ामालानी

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 111, 128 रा... –राजस्व अधिनियम 1956

Signature Not Verified
Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.09.19 18:04:46 IST
Reason: SelfAttested

आदेश

दिनांक :– 16/6/22

प्रार्थीगण ने यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 सपठित धारा 128 रा.भू.रा. अधिनियम हेतु,नेखम पैमाईश जरिये पत्थर गढी का विप्रार्थीगण के विरूद्ध पेश किया। प्रकरण दर्ज कर विप्रार्थीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। विप्रार्थीगण के विरूद्ध बावजूद नोटिस तामील अनुपस्थित रहने से एक पक्षीय कार्यवाही की गई।

...खण्ड अधिकारी, गुड़ामालानी

हमने प्रार्थीगण के अधिवक्ता श्री गंगाराम चौधरी की बहस सुनी एवं पत्रावली का अवलोकन किया। न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत जमाबन्दी संवत् 2072–2075 (2078 से स्थायी) सरहद मौजा आलपुरा पटवार हल्का आलपुरा के खेत खसरा नम्बर 215/11 रकबा 1.9425 हैक्टेयर, का अवलोकन किया। जिसमें प्रार्थीगण का नाम बतौर खातेदारी दर्ज है। प्रार्थीगण की भूमि के चारों ओर सीमा चिन्ह व पक्की माठे नहीं होने से काश्त व प्राकृतिक पैदावार लेते समय तनाव व विवाद की स्थिति पडौसी खातेदारों के साथ उत्पन्न हो जाती है जिससे बचने के लिये प्रार्थीगण अपनी भूमि की पक्की नेखमबन्दी करवाना चाहते है। ऐसी स्थिति में दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में विवादित भूमि का सीमाज्ञान करवाकर पक्के नेखम स्थापित करवाने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होने एवं प्रार्थीगण विवादित भूमि का राजस्व अभिलेख में खातेदार दर्ज होने से प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता है।

अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गुड़ामालानी को आदेशित किया जाता है दोनों पक्षकारों की उपस्थिति में विवादित खसरा सरहद मौजा आलपुरा के खेत खसरा नम्बर 215/11 रकबा 1.9425 हैक्टेयर भूमि के सम्बन्ध में सीमाज्ञान करवाकर चारों ओर पक्के नेखम स्थापित करावें। पक्के नेखम स्थापित करवाने हेतु तहसीलदार गुड़ामालानी को 500/– शुल्क पर कमीश्नर नियुक्त किया जाता है। कमीश्नर शुल्क प्रार्थीगण मौके पर अदा करेंगे। आवश्यकता होने पर तहसीलदार गुड़ामालानी को थानाधिकारी पुलिस थाना गुड़ामालानी से पुलिस इमदाद प्राप्त करने हेतु अधिकृत किया जाता है। तहसीलदार गुड़ामालानी बाद पालना, पालना प्रतिवेदन प्रेषित करे। तहरीर जारी हो। पालना प्रतिवेदन प्राप्त होने पर शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

आदेश आज दिनांक 14/6/22 को खुले न्यायालय सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Pramod Kumar
Date: 2022.09.19 18:04:46 IST
Reason: SelfAttested

(प्रमोद कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, गुड़ामालानी